CMYK

SINCE-2003

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार

# मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 20 अंक : 193 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
शुक्रवार 22 नवंबर, 2024

'हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई ओर हो।'



पेज 7 | स्पोर्ट्स

साल के अंतिम गुरु पुष्य नक्षत्र पर गणेश मंदिरों में... | 3

## राज्य सरकार चलाएगी अपना 24 घंटे का यूट्यूब चैनल

### 10 करोड़ का टेंडर निकाला, एजेंसी को हर माह 5 प्रतिशत फॉलोअर बढ़ाने होंगे

### संचालित करने वाली एजेंसी को मैनेज करने होंगे 204 हैंडल, टारगेट पूरा नहीं करने पर लगेगा जुर्माना



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

*राजस्थान सरकार के कामकाज और योजनाओं की आक्रामक तरीके से प्रचार-प्रसार की रणनीति बनाई गई है। राजस्थान सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार और मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के लिए अब सरकारी यूट्यूब चैनल 24 घंटे चलेगा। सूचना और जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर) के राज्य स्तरीय यूट्यूब चैनल को 24 घंटे चलाया जाएगा।*

*डीआईपीआर के यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म को मेंटेन करने के लिए 10 करोड़ का टेंडर निकाला गया है। 27 नवंबर तक बिड ऑनलाइन पेश करने की समय सीमा तय की गई है। जिस एजेंसी को यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया हैंडल मेंटेन करने का काम दिया जाएगा, उसे हर 3 महीने में डीआईपीआर के यूट्यूब चैनल के सब्सक्राइबर, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम हैंडल पर कम से कम 5 प्रतिशत फॉलोअर बढ़ाने होंगे। टारगेट पूरा नहीं करने पर जुर्माना लगेगा।*

*टेंडर की शर्तों के अनुसार काम लेने वाली एजेंसी को 204 हैंडल मैनेज करने होंगे।*




*डीआईपीआर के राज्य स्तरीय यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेज, एक्स हैंडल और इंस्टाग्राम हैंडल के साथ डीआईपीआर के जिला लेवल के 50 यूट्यूब चैनल, 50 फेसबुक अकाउंट, 50 एक्स हैंडल और 50 इंस्टाग्राम अकाउंट मैनेज और मेंटेन करने होंगे। इसके अलावा इनकी रीच, सब्सक्राइबर और फॉलोअर बढ़ाने का भी टास्क रहेगा।*

***सरकारी कामों की प्रचार-प्रसार की रणनीति :** डीआईपीआर का राज्य स्तरीय और जिलों के यूट्यूब चैनल पहले से है, लेकिन अब इन्हें 24 घंटे मोड में अपडेट करने की योजना है। सरकार के कामकाज का आक्रामक प्रचार-प्रसार करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। टेंडर की शर्तें भी उसी तरह तय की गई हैं। टेंडर की शर्तों के मुताबिक यूट्यूब चैनल के लिए कंटेंट जुटाने के साथ-साथ उसे चलाने, मैनेज करने और यूट्यूब चैनल की रीच बढ़ाने के लिए पूरा कंटेंट शेयर करने की जिम्मेदारी एजेंसी की होगी। यूट्यूब चैनल के कंटेंट को फेसबुक इंस्टाग्राम और एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया जाएगा।*

#### सभी 200 विधानसभा सीटों पर लगेंगे प्रतिनिधि

डीआईपीआर के यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया पर वीडियो कंटेट बनाने के लिए प्रदेश के सभी 200 विधानसभा सीटों पर एक-एक प्रतिनिधि लगाया जाएगा। यह प्रतिनिधि सरकार के कार्यक्रमों की कवरेज के वीडियो कंटेंट बनाएगा। इसके अलावा संभाग लेवल पर भी सोशल मीडिया संभालने के लिए टीम लगेगी। राज्य स्तर पर भी टेंडर लेने वाली एजेंसी को कंटेट के एक्सपर्ट और प्रोफेशनल की टीम लगानी होगी।

#### एजेंसी को लगाना होगा वर्कफोर्स

यूट्यूब चैनल पर मुख्यमंत्री के सभी प्रोग्राम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाने और सोशल मीडिया पर उन्हें तुरंत शेयर किया जाएगा। टेंडर में इसकी शर्त तय की है। काम लेने वाली एजेंसी को इसके लिए अपना वर्कफोर्स लगाना होगा और उसमे अलग-अलग लेवल के प्रोफेशनल भी तैयार करने होंगे।

### हाईकोर्ट में अपील करेगी राजस्थान सरकार

## दिल्ली में बीकानेर हाउस की होगी कुर्की, नोटिस चस्पा

### नोखा नगरपालिका ने ठेकेदार को नहीं दिए थे रुपए, कॉमर्शियल कोर्ट ने दिए प्रॉपर्टी अटैच के आदेश



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

दिल्ली में इंडिया गेट के पास स्थित बीकानेर हाउस पर गुरुवार को कुर्की का नोटिस चिपकाया गया। कुर्की के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार कॉमर्शियल कोर्ट में रिकॉल एप्लिकेशन दायर करेगी। अगर सरकार को वहां से राहत नहीं मिलती है तो सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की तैयारी भी कर ली है।

दरअसल, दिल्ली की कॉमर्शियल कोर्ट-2 ने बीकानेर हाउस को अटैच करके उसे कुर्क करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने प्रदेश की नोखा नगर पालिका द्वारा मैसर्स एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड को 50.31 लाख रुपए की मध्यस्थता राशि का भुगतान नहीं करने पर यह आदेश दिया, क्योंकि नोखा नगरपालिका राजस्थान सरकार के अधीन आती है। ऐसे में कोर्ट ने दिल्ली में स्थित राजस्थान सरकार की बीकानेर » शेष पृष्ठ 6 पर

#### महाराजा गंगा सिंह ने कराया था निर्माण

**बीकानेर हाउस का निर्माण बीकानेर रियासत के महाराजा गंगा सिंह के शासनकाल के दौरान हुआ था। बीकानेर हाउस की स्थापत्य शैली मुख्य रूप से पश्चिमी राजस्थान की हैं। शाही निवास के रूप में उपयोग में होने पर इसके ग्राउंड फ्लोर पर रिसेप्शन सुइट्स, निजी कमरे और अतिथि कमरे थे, जबकि महिलाओं के क्वार्टर, पहली मंजिल पर थे। 1947 में भारतीय स्वतंत्रता के समय, बीकानेर हाउस भारतीय शाही परिवारों के बीच कई महत्वपूर्ण बैठकों का स्थान था, जो अपने भविष्य पर विचार-विमर्श करते थे। इसे 18 नवंबर 2015 को जनता के लिए खोल दिया गया। अब यह राजस्थान सरकार द्वारा संचालित एक विश्व स्तरीय सांस्कृतिक केंद्र है।**

### एक नजर

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने मंत्रियों के साथ देखी 'द साबरमती रिपोर्ट'

### गोधरा कांड पर बनी इस फिल्म को राजस्थान में किया टैक्स फ्री

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी। जवाहर सर्किल स्थित मिराज सिनेमा



में सीएम भजनलाल शर्मा ने डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों से साथ फिल्म देखी। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि उस समय जो घटना हुई थी। उसे लेकर झूठ परोसा गया था, लेकिन इस फिल्म में सत्य को उजागर किया गया है। आज मैं अपने साथियों के साथ फिल्म देखने आया हूं। आज सीएम, मंत्री और विधायकों के लिए फिल्म का स्पेशल शो रखा गया था। मंत्री झाबर सिंह खर्रा, हेमंत मीणा, हीरालाल नागर, केके विश्नोई, मंजू बाघमार सहित कई विधायक फिल्म देखने पहुंचे।

## शराब नीति केस में दिल्ली हाईकोर्ट का ईडी को नोटिस

### केजरीवाल की याचिका पर ट्रायल कोर्ट के फैसले पर स्टे नहीं दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शराब नीति केस में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर गुरुवार दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया। इसमें जांच एजेंसी से उसका पक्ष रखने को कहा गया। केजरीवाल ने बुधवार को याचिका लगाकर ट्रायल कोर्ट के फैसले पर स्टे लगाने की मांग की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने अभी स्टे पर फैसला नहीं दिया है। केजरीवाल की दलील है कि निचली अदालत ने बिना किसी पूर्व मंजूरी के अपराध का संज्ञान लेने में गलती की है। ऐसे मामलों में सीआरपीसी की धारा 197 (1) के तहत राज्यपाल की पूर्व मंजूरी लेना आवश्यक होता है, क्योंकि उस वक्त वह (केजरीवाल) सीएम पद पर थे। केजरीवाल फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। उनके खिलाफ 2 जांच एजेंसी (ईडी और सीबीआई) ने केस दर्ज किया है। केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितंबर को सीबीआई केस में जमानत दी थी।

## शादी में शामिल होने जयपुर आए राहुल और अखिलेश

### प्रियंका के बेटे रेहान वाड्रा के दोस्त यशार्थ गोयल की शादी में शरीक हुए कांग्रेस के बड़े नेता

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

जयपुर में गुरुवार को एयरपोर्ट पर वीआईपी मूवमेंट रहा। राहुल गांधी गुरुवार को शादी समारोह में शामिल होने जयपुर पहुंचे। वहीं, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव भी जयपुर पहुंची। इसके अलावा निजी कार्यक्रम में शामिल होने सिंगर हनी सिंह भी अपने दोस्तों के साथ जयपुर पहुंचे। राहुल गांधी एक शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए शाम 4.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे। उन्हें रिसीव करने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष राजस्थान टीकाराम जूली सहित विधायक और अन्य कांग्रेस नेता पहुंचे। अशोक गहलोत ने राहुल गांधी को माला पहनाकर स्वागत किया, जबकि पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली ने राहुल को गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान विधायक अमीन कागजी और विधायक रफीक खान मौजूद रहे।



पूर्व सीएम गहलोत, पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष जूली ने किया एयरपोर्ट पर किया स्वागत


**पत्नी डिंपल के जयपुर आए अखिलेश यादव :** राहुल गांधी के थोड़ी देर बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव पत्नी डिंपल यादव और बच्चों के साथ जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का राजस्थानी साफा पहनाकर » शेष पृष्ठ 6 पर

## प्रदेश में धुंध बढ़ी, जहरीली हुई हवा

### जयपुर सहित चार शहर रेड जोन में, एक्यूआई लेवल 300 के पार, 23 तक स्कूल बंद

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान में उत्तरी हवा का प्रभाव बढ़ने से तेज हुई सर्दी के साथ धुंध (कुहासा) बढ़ गई है। दिल्ली-एनसीआर और उत्तरी राजस्थान शहरों में धुंध बढ़ने से एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) भी खराब स्थिति में पहुंच गया। जयपुर, भिवाड़ी, सीकर, श्रीगंगानगर रेड जोन में आ गए हैं। यहां का एक्यूआई लेवल 300 के पार दर्ज हुआ। जयपुर में दिनभर आसमान में हल्का धुंध जैसा वातावरण होने से सूरज की चमक कम रही। जयपुर समेत कई शहरों में कल दिन में ठंडक रही। अधिकतम तापमान 25 से 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में इस तरह का मौसम आज भी रहने की संभावना जताई है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए खैरथल-तिजारा जिले के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। 20 से 23 नवंबर तक पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चे स्कूल नहीं जाएंगे। 19 नवंबर को इसका आदेश खैरथल के कलेक्टर किशोर कुमार ने जारी किया है।



**सबसे कम तापमान माउंटआबू में दर्ज हुआ :** पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट देखें तो यहां सबसे कम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस हिल स्टेशन माउंट आबू में दर्ज हुआ। आबू के अलावा फतेहपुर, सिरोही, चूरू, सीकर में भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। उत्तरी राजस्थान और दिल्ली-एनसीआर से लगते शहरों में कल पूरे दिन धुंध रही।

**ये जिले रहे रेड जोन में :** सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर, गंगानगर, सीकर, भिवाड़ी (खैरथल) में एक्यूआई लेवल 300 के पार रहा, जो रेड जोन की कैटेगिरी » शेष पृष्ठ 6 पर

## दिल्ली में प्रदूषण का एक्यूआई लेवल 400 से गिरकर 379 हुआ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रदूषण की गंभीर स्थिति है। पांच दिन बाद गुरुवार को दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 के नीचे आया। यह 379 रिकॉर्ड किया गया। 300-500 के बीच एक्यूआई गंभीर स्थिति में माना जाता है। वहीं, दिल्ली पुलिस ने ई-कॉमर्स कंपनियों से कहा है कि राजधानी में ऑनलाइन पटाखे बेचना तुरंत बंद करें। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को ई-कॉमर्स कंपनियों को ई-मेल किया।



दिल्ली पुलिस ने ये आदेश सुप्रीम कोर्ट के 11 नवंबर के ऑर्डर के चलते दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एमसी मेहता बनाम भारत सरकार के मामले में निर्देश दिए थे कि पॉल्यूशन से निपटने के लिए पटाखों पर बैन लगाया जाए। राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान-4 (जीआरएपी-4) लागू है।

### पहाड़ से लेकर पानी तक में काम करेंगे | 10 किमी दूर से ऑपरेट किए जा सकते हैं

## देश की सीमाओं पर तैनात होंगे रोबोटिक डॉग

**मॉर्निंग न्यूज @ जैसलमेर**

देश की सीमाओं पर जवानों के साथ अब रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट (एमयूएलयू) यानी रोबोटिक डॉग भी तैनात होंगे। ये रोबोटिक डॉग किसी भी ऊंचे पहाड़ से लेकर पानी की गहराई तक जाकर काम करने में सक्षम हैं। इन्हें 10 किमी दूर बैठकर भी ऑपरेट किया जा सकता है। एक घंटे चार्ज करने के बाद ये लगातार 10 घंटे तक काम कर सकते हैं। जैसलमेर के पोकरण फायरिंग रेंज में रोबोटिक डॉग ने भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन के साथ 14 से 21 नवंबर तक अभ्यास किया है।

सेना ने इस डॉग के साथ दुश्मन को खोजने और उसे खत्म करने का अभ्यास किया है। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है। हाल ही में भारतीय सेना ने बॉर्डर से लगे इलाकों में (विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में) उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग को शामिल किया है।



**थर्मल कैमरों और रडार से लैस :** रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरों और रडार से लैस हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी डिजाइन है। यह बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, ऊंची सीढ़ियों यहां » शेष पृष्ठ 6 पर

#### पोकरण फायरिंग रेंज में सेना का अभ्यास समाप्त

सैन्य सूत्रों के अनुसार सेना का अभ्यास गुरुवार को समाप्त हुआ। भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन की एक इकाई के 50 से भी ज्यादा सैनिकों ने इसमें हिस्सा लिया। यह अभ्यास 7 दिन तक किया गया। इसमें करीब 10 रोबोटिक डॉग्स को शामिल किया गया था। इस दौरान रोबोटिक डॉग ने दुश्मन को खोजने, हथियार ले जाने, कैमरे से दुश्मन का ठिकाना बताने सहित विषम परिस्थितियों में सैनिकों की मदद करने का ट्रायल दिया।

## राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव को लेकर विवाद

### दो साल में चुनाव की घोषणा के बाद हाईकोर्ट ने दिया नोटिस

**मॉर्निंग न्यूज @ जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव को लेकर वकीलों में विवाद हो गया है। एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव हर साल होते हैं, लेकिन इसमें संशोधन करते हुए चुनाव दो साल में कराने का फैसला किया गया है। इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। एडवोकेट सुनील व्यास की याचिका पर चीफ जस्टिस की बेंच ने बार काउंसिल व एडवोकेट एसोसिएशन को नोटिस दिया है। अगली सुनवाई 27 नवंबर को होगी। याचिकाकर्ता के अनुसार सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेशानुसार एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव दिसंबर के दूसरे शुक्रवार संपन्न करवाने का आदेश है। इस हिसाब से राजस्थान » शेष पृष्ठ 6 पर

अजमेर ■ अलवर ■ टोंक ■ दौसा ■ झुंझुनूं ■ सवाईमाधोपुर ■ कोटा ■ भीलवाड़ा ■ चित्तौड़गढ़ ■ सिरोही ■ जोधपुर ■ नागौर ■ बीकानेर ■ चूरू ■ धौलपुर ■ भरतपुर में एक साथ प्रसारित।